महत्वपूर्ण एवं खास

द्वितीय सावन सोमवार के अवसर पर शिवालयों में लगी भक्तों की कतार

रायपुर (आरएनएस)। द्वितीय सावन सोमवार के अवसर पर आज राजधानी सहित प्रदेश भर में श्रद्धालुओं ने सुबह शिवालयों में पहुंचकर भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। हमारे संवाददाताओं द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार समाचार लिखे जाने तक भोले शंकर के शिवलिंग पर जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, धतुरे का फूल, लाल मंदार फूल, दही, शहद, बेलपतरी आदि विधिवत चढ़ाकर भक्तों ने महादेव की आराधना की। ज्ञातव्य है कि इस बार सावन अधिकमास होने के कारण 8 सोमवार तक विधिवत भक्तों की श्रद्धा के साथ भोलेनाथ के दरबार में धूमधाम से मनाया जाएगा। पौराणिक मान्यता के अनुसार सावन मास में शिव की आराधना करने से अक्षय सुखों की प्राप्ति होती है साथ ही भोलेनाथ का श्रद्धापूर्वक नमन करने से मनोवांछित कामनाएं पूर्ण होती हैं। अविवाहित कन्याओं द्वारा का भोलेनाथ की श्रद्धापूर्वक आराधना करने पर माता पार्वती का स्मरण करने मात्र से मनचाहे वर की प्राप्ति होती है।

फिल्मी अंदाज में तस्करी: ओडिशा से नशे की खेप ला रहे तस्करों को पुलिस ने दबोचा

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी पुलिस ने जागरुकता अभियान ''हैलो जिंदगी'' के दौरान नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. पुलिस ने गांजा और पिस्टल के साथ 1 अंतर्राज्यीय महिला आरोपी सहित कुल 3 तस्करों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों ने तस्करी की वारदात को अंजाम देने के लिए फिल्मी जुगाड़ लगाया था, जिस पर पुलिस की टीम ने पानी फेर दिया। बता दें कि, थाना आरंग क्षेत्रांतर्गत पारागांव मोड़ के पास गांजा तस्करी करते 1 महिला समेत 3 आरोपियों को पुलिस ने ओड़िशा से रायपुर गांजा तस्करी करते हुए पकड़ा है. आरोपियों के कब्जे से 8 किलो 500 ग्राम गांजा जब्त किया गया है. वहीं तस्करी में इस्तेमाल किए जा रहे वाहन और पिस्टल को भी जब्त किया है। जानकारी के अनुसार, शातिर तस्कर डस्टर वाहन के इंजन में शातिराना अंदाज में गांजाडस्टर वाहन के इंजन में शातिराना अंदाज में गांजा छिपाकर ला रहे थे, जिनका प्लान पुलिस ने फेल करते हुए धरदबोचा. आरोपियों को कब्जे से जब्त गांजे और वाहन की कीमत 5 लाख रुपये आंकी जा रही है. साथ ही आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है. वहीं मामले में पुलिस ने अमित कुमार साहू, राजेश साहू निवासी रायपुर और कल्पना बाग निवासी लक्ष्मी नगर टाइगर कालेज के पास राजा खरियार थाना राजा खरियार ओडिशा को गिरफ्तार किया है.

कचरा फेंकने गया व्यवसायी आया करंट की चपेट में, मौत

मनेंद्रगढ़ (आरएनएस)। मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के ग्राम पंचायत जनकपुर में एक फल व्यापारी की करंट के चपेट में आने से मौत हो गई। व्यापारी कचरा फेंकने गया था और ट्रांसफार्मर के करंट में चिपक गया और घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत जनकपुर स्थित जय स्तंभ चौक के पास फल और जूस की दुकान लगाने वाला प्रकाश गुप्ता ने सोमवार सुबह 6 बजे अपनी दुकान खोली तथा दुकान खोलने के बाद वह झाड़ू लगाकर साफ सफाई करने के बाद कचरा फेंकने के लिए बिजली के ट्रांसफॉर्मर के पास गया था तभी अचानक करेंट में चिपक गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटनास्थल के पास मौजूद लोगों ने तुरंत विद्युत विभाग को सूचना दी तथा 108 एम्बुलेंस बुलवाकर व्यापारी को अस्पताल भिजवाने की व्यवस्था की किंतु तब तक व्यापारी की मौत हो चुकी थी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया वहीं मामले की जांच चल रही है।

मुख्यमंत्री हरेली तिहार के मौके पर पशुपालक किसानों और गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को देंगे 16.29 करोड़ रूपए की सौगात

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 17 जुलाई को हरेली तिहार के मौके पर गौठानों में गोबर बेचने वाले ग्रामीण पशुपालक किसानों सहित गौठान समितियों और महिला समूहों को 16 करोड़ 29 लाख रूपए की राशि का अंतरण सीधे उनके बैंक खातों में करेंगे। गोधन न्याय योजना के तहत ऑनलाईन राशि अंतरण का यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में हरेली तिहार उत्सव के दौरान होगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जुलाई माह की प्रथम पखवाड़े में गौठानों में गोबर विक्रय करने वाले 59,729 किसानों को 3 करोड़ 96 लाख रूपए तथा गौठान समितियों एवं महिला स्व-सहायता समूहों को 12 करोड़ 33 लाख रूपए की राशि जारी करेंगे। गौठानों में जुलाई माह के प्रथम पखवाड़े में एक लाख 98 हजार क्विंटल गोबर की खरीदी गोधन न्याय योजना के तहत की गई है।

इस योजना के तहत गोबर खरीदी में स्वावलंबी गोठानों की भूमिका लगातार बढ़ती जा रही है। गोबर विक्रेताओं को होने वाले 3.96 करोड़ रूपए के भुगतान में से मात्र 1.61 करोड़ रूपए का भुगतान शासन की ओर से किया जाएगा, जबकि 2.35 करोड़ रूपए का भुगतान स्वावलंबी गौठान स्वयं की राशि से करेंगे। राज्य में 10,263 गौठान निर्मित एवं संचालित हैं, जिसमें से 5960 गौठान पूरी तरह से स्वावलंबी हो चुके हैं। स्वावलंबी गौठानों ने अब तक 67 करोड़ रूपए का गोबर पशुपालक किसानों से स्वयं की राशि से किया है।

गौरतलब है कि गोधन न्याय योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को अब तक 510.08 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है। 17 जुलाई को 16.29 करोड़ रूपए के भुगतान के बाद यह आंकड़ा बढ़कर 526.37 करोड़ रूपए हो जाएगा, जिसमें महिला समूहों को जारी 18 करोड़ रूपए की बोनस राशि भी शामिल है। गोधन न्याय योजना के तहत गौठानों में अब 125.54 लाख क्विंटल गोबर की खरीदी हो चुकी है, जिसमें से 123.56 लाख क्विंटल गोबर खरीदी की एवज में गोबर विक्रेताओं को 247.12 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है। 17 जुलाई को 2.96 करोड़ रूपए के भुगतान के बाद यह राशि 251.08 करोड़ रूपए हो जाएगी। गौठानों समितियों एवं महिला स्व-सहायता समूहों को 244.96 करोड़ रूपए के भुगतान किया जा चुका है। हरेली पर्व पर 12.33 करोड़ रूपए के भुगतान के बाद यह आंकड़ा बढ़कर 257.29 करोड़ रूपए हो जाएगा।

नवागांव पहुंचे मुख्यमंत्री ने किया विभिन्न विभागों के स्टाल का अवलोकन

रीपा केंद्र में सेवागुड़ी एप्लीकेशन का उद्घाटन किया। रीपा के कैटलाग का विमोचन भी किया। प्लेसमेंट कैंप के माध्यम से चयनित 10 लोगों को सांकेतिक जाब आफर लेटर दिया, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के हितग्राहियों को सौंपा मार्जिन मनी अनुदान। कृषि विभाग के स्टाल में हितग्राहियों को किट वितरण और महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टाल में सुपोषण टोकरी का वितरण किया। स्कूली बच्चों को भी किया यूनिफार्म का वितरण।

शहर के कोने-कोने में जानलेवा बीमारी का कहर,100 से ज्यादा मरीज, 2 लोगों की लील गया जिंदगी, फुल स्पीड से पसार रहा पैर

बिलासपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ की न्यायधानी इन दिनों डायरिया से पीड़ित है. बिलासपुर में डायरिया ने अपना पांव पसार लिया है. शहर में डायरिया से पीड़ित 100 से ज्यादा मरीजों की पहचान की गई है. तीन दिनों से बिलासपुर में डायरिया का प्रकोप तेजी से फ़ैल और पसर रहा है. लगातार मरीजों की संख्या में इजाफा भी होने लगा है, डायरिया से ग्रसित मरीजों में दो लोगो की जान जा चुकी है, जिससे हडकंप मचा हुआ है. वहीं स्वास्थ्य विभाग डायरिया महामारी को कंट्रोल करने के लिए कैम्प लगा रहा है।

शहर के चांटीडीह स्थित वार्ड नंबर 55, 56 और 59 में पिछले तीन दिनों से डायरिया के मरीज मिल रहें है, जिसमें उल्टी, दस्त, बुखार और कमजोरी की समस्या को लेकर मरीज सामने आ रहें हैं. स्वास्थ्य विभाग ने दस्त रोगी शिविर लगाकर मरीजों का उपचार करते हुए दवाओं का वितरण कर रहे हैं.

वहीं गंभीर रूप से पीड़ित मरीजों को जिला अस्पताल और सिम्स अस्तपाल में रेफर किया जा रहा है. चांटीडीह क्षेत्र के रामायण चौक और मुस्लिम मोहल्ले में दूषित और गंदा पानी की पाइप से सप्लाई होने की वजह से महामारी फैली हुई है. इनमें पिछले दो दिनों में करीब 52 लोगो को सिम्स अस्पताल में दाखिल किया गया।

इनमें कमला मिश्रा उम्र 65 वर्ष और अनीश कुरैशी उम्र 70 वर्ष की मौत समेत दो लोगों की मौत हुई है. दर्जनों गंभीर रूप से बीमार है, जिनका उपचार अस्पताल में चल रहा है.इन मरीजों को कैम्प में मेट्रोनीडाजोल, ओआरएस, जिंक समेत आदि दवाओं का वितरण किया जा रहा है.

स्वास्थ्य विभाग की टीम मितानीनों के साथ घरों -घर सर्वे कर रही है. वहीं बढ़ते मरीजों की संख्या को कंट्रोल करने इलाज चल रहा है. आज करीब 124 मरीजों का उपचार और ओपीडी जांच किया गया. डायरिया को कंट्रोल करने की हर संभव कोशिश की जा रही है. लोगों से पानी उबाल कर पीने की अपील की जा रही है।

नगर निगम के जल विभाग के प्रभारी अजय श्रीवास्तव ने कहा, कि खानपान की वजह से तबीयत बिगड़ी है. बारिश के मौसम में लोगों को खानपान का ख्याल रखना चाहिए, क्लोरीन के साथ पानी सप्लाई किया जा रहा है. पानी का सैम्पल लिया गया है.

चांटीडीह क्षेत्र के लोगों में नगर निगम की लापरवाही और अवस्थाओं को लेकर खासा आक्रोश देखने को मिल रहा है. वार्डों में बजबजाती नालियां, सडक़ों पर चारों तरफ बिखरा कचरा, नालियों से गुजरता पाइप लाइन और गंदगी ही पसरी हुई है, लेकिन तीन दिनों से डायरिया के दस्तक देने और दो मौत के बाद नगर निगम प्रशासन जागा है।

नदी में नहाने गया बालक पानी में बहा, तलाश में जुटी पुलिस

कोरबा (आरएनएस)। अपने दोस्तों के साथ नदी नहाने गया एक 11 वर्ष का नाबालिग पैर फिसलने से पानी में बह गया। सूचना मिलने पर पुलिस पतासाजी कर रही हैए पर उसका कहीं पता नहीं चला।

बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत डुगुपारा क्षेत्र में रहने वाले राजकुमार विश्वकर्मा का 11 वर्षीय पुत्र दीपक अपने तीन अन्य दोस्त के साथ घर में कैरम खेल रहा था। इसी बीच चारों दोस्त ने नदी में नहाने की योजना बनाई और घर से निकल पड़े। घर में इसकी जानकारी किसी भी बच्चे ने नहीं दी। बाद में तीन बच्चे वापस घर लौट आए पर दीपक गायब था। काफी देर तक दीपक के घर नहीं पहुंचने पर स्वजन चिंतित हुए और खोजबीन शुरू किए। जब उसका कहीं पता नहीं चला और तीनों बच्चों ने भी कुछ नहीं बताया। तब राजकुमार ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने पहले अपने स्तर पर बच्चे की खोजबीन की, पर उसका पता नहीं चला। पुलिस को तीनों बच्चे कभी उसके तालाब में डूब जाने की बात करते तो कभी कुछ और बात कहते। बाद में तीनों को प्रलोभन देकर पूछा, तब उन्होंने बताया कि वे चारों तालाब नहीं, बल्कि नदी गए थे। जहां नहाने की तैयारी कर ही रहे थे कि एक दोस्त का पैर फिसल गया और वह नदी में गिर गया।

दो दोस्त लगा रहे थे रेस, बाइक पलटने से एक की मौत

कोरबा (आरएनएस)। सुपरहिट फिल्म धूम में चोर.पुलिस के बीच सुपरस्पीड रेस का स्टंट करने दो दोस्त निकल पड़े। काफी प्वाइंट के रास्ते में दोनों रेसिंग बाइक में रेस लगा दी और जंगल के रास्ते में तेज दौड़ रही एक बाइक अनियंत्रित हो गई और दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बाइक सवार युवक को गंभीर चोंट लगी। उसे बाल्को अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। लेकिन रास्ते में युवक की मौत हो गई।

बाल्को थाना अंतर्गत यह घटना रविवार को बाल्को से काफी प्वाइंट के बीच के सिंगल सडक़ की है। इस मार्ग पर बड़ी संख्या में युवा शहर की ट्रैफिक से हटकर खुली व खाली सडक़ में बाइक से घूमने भी जाते हैं। रविवार को बालको में रहने वाले नयन साई का 23 वर्षीय पुत्र दीपका भास्कर भी अपने दोस्तों के साथ बाल्को से काफी प्वाइंट की ओर निकला था। दो बाइक में सवार दोस्तों ने आपस में रेस लगाने की प्लानिंग की। दीपक की बाइक नई थी और नंबर भी नहीं आता।

दोनों बाइक के मध्य रेस शुरू हुई और कुछ ही मिनट में दीपक की बाइक तेज रफ्तार में दौडने लगी, तब अचानक उससे बाइक अनियंत्रित हो गई और दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घायल दीपक को आस-पास के लोगों की मदद से उठाया गया और फिर किसी तरह आनन-फानन में बाल्को हास्पिटल लाकर भर्ती कराया गया।

गंभीर स्थिति देखते हुए डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर उपचार के लिए बड़े अस्पताल रेफर कर दिया, पर रास्ते में उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर बाल्को पुलिस आगे कार्रवाई कर रही है।

सामाजिक सरोकार की भावना से थाना प्रभारी भूपदेवपुर ने स्टाफ के साथ मिलकर असहाय परिवार की महिला का कराया अंत्येष्ठी

रायगढ़। जिले के भूपदेवपुर पुलिस ने मानवता का परिचय देते हुये बेसहारा परिवार की वृद्ध महिला भारती (उम्र 58 साल) का आज पूरे रीति-रिवाज के साथ ग्राम लोढाझर में अंतिम संस्कार किया गया। मृत महिला का उसके पति मुन्ना दास वैष्णव (65 साल) के अलावा कोई नहीं था। थाना प्रभारी भूपदेवपुर उप निरीक्षक गिरधारी साव को जानकारी मिली कि मुन्ना दास वैष्णव की गांव और समाज के लोगों से बनती नहीं है, उसकी पत्नी भारती के लंबी बिमारी के बाद निधन होने से कफन दफन अंतिम संस्कार के लिए समाज से कोई भी व्यक्ति उपस्थित नहीं हो रहा है। थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय सदानंद कुमार एवं वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए उनके निर्देशन एवं मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी भूपदेवपुर द्वारा ग्राम लोहाझर के महिला सरपंच और उसके पति और गांव के प्रमुख व्यक्तियों से संपर्क कर अपने स्टाफ के साथ ग्राम लोढाझर पहुंचे। महिला का शव उसके घर पर रखा हुआ था महिला का पति शव के पास रोता बेसुध मिला। थाना प्रभारी ने गांव की सरपंच राजकुमारी, सरपंच पति भुजबल राठिया और गांव के शोभाराम साहू, मनोज साहू, गौरी साहू, पीलालाल साहू, हरिशंकर साहू, नेत्रान्द साहू, कोटवार भोजराम चौहान से चर्चा कर उन्हें वृद्ध महिला के शव की आज ही अंत्योष्टी के लिये सहमत किये और अपने थाने, सहायक उप निरीक्षक देवदास महंत, प्रधान आरक्षक जागेश्वर दिग्रस्कर, आरक्षक मनोज यादव के साथ मिलकर विधि विधान से अंतिम संस्कार किया गया।

संस्कृत विद्वानों तथा मेधावी छात्रों का सम्मान आज

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामण्डलम् द्वारा 18 जुलाई को संस्कृत विद्वानों का सम्मान वर्ष 2019 एवं 2020 तथा मेधावी छात्र सम्मान 2019 का आयोजन छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल सभागार पेंशनबाड़ा रायपुर में दोपहर 2 बजे किया जाएगा। सम्मान समारोह में संसदीय सचिव चिन्तामणी महाराज, छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेश्री महंत डॉ. रामसुंदर दास की उपस्थित में होगा।

सम्मान समारोह में वर्ष 2019 के लिए जिन संस्कृत विद्वानों को सम्मानित किया जाएगा, उनमें राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार महर्षि वेदव्यास सम्मान डॉ. निलिम्प त्रिपाठी प्रोफेसर महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय भोपाल को प्रदान किया जाएगा। राज्य स्तरीय पुरस्कारों में महर्षि वाल्मीकि सम्मान डॉ. तोयनिधि वैष्णव रायपुर, लोमश ऋषि सम्मान सुदीप्त किशोर पंडा प्राचार्य वासुदेव संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अडभार पेण्ड्रा, ऋषि ऋष्यश्रृंग सम्मान डॉ. संतोष कुमार तिवारी व्याख्याता शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलासपुर और माता कौशल्या सम्मान डॉ. गरिमा ताम्रकार व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बटंग वर्तमान में छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामण्डलम् रायपुर को प्रदान किया जाएगा।

इसी प्रकार वर्ष 2020 के लिए जो संस्कृत विद्वान सम्मानित होंगे उनमें राज्य स्तरीय पुरस्कार में महर्षि वाल्मीकि सम्मान डॉ. बालकृष्ण तिवारी रायपुर, ऋषि ऋष्यश्रृंग सम्मान चन्द्रभूषण शुक्ला महामाया मंदिर देवी पुरानी बस्ती रायपुर और माता कौशल्या सम्मान गीता शर्मा रायपुर को प्रदान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार में 51 हजार रूपए और राज्य स्तरीय पुरस्कार में 31-31 हजार रूपए की सम्मान राशि प्रदान की जाती है।

सम्मान समारोह में वर्ष 2019 में कक्षा उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष कक्षा 12वीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं में शीर्ष 10 विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। सम्मानित होने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं में रामेश्वर गहिरा गुरू संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सामरबार की छात्रा कुमारी अनुराधा यादव, एम. के. गांधी संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हालाहुली की अनिता राठौर, सावित्री फुले संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसीर की कुमारी प्रतिमा, रामेश्वर गहिरा गुरू संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्रीकोट के चन्द्रेश पैकरा व अन्य शामिल हैं। इन सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को 3001-3001 रूपए की सम्मान राशि प्रदान की जाएगी।

पाट जात्रा पूजा विधान के साथ शुरू हुआ विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व

जगदलपुर (आरएनएस)। हरियाली अमावस्या के मौके पर बस्तर की आराध्य देवी माँ दन्तेश्वरी मन्दिर के सामने सोमवार को पाट जात्रा पूजा विधान के साथ ही विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व शुरू हो गया। बस्तर दशहरा पर्व के इस प्रथम पूजा विधान में बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष लखेश्वर बघेल, महापौर सफीरा साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और बस्तर दशहरा पर्व समिति के पारंपरिक सदस्य मांझी-चालकी, मेम्बर-मेम्बरीन, पुजारी-गायता तथा जिला कलेक्टर विजय दयाराम के एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ ही बड़ी संख्या में जनसमुदाय शामिल हुए।

ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व के पहले पूजा विधान पाट जात्रा में रथ निर्माण के लिए बनाये जाने वाले औजार ठुरलू खोटला तथा अन्य औजारों का परम्परागत तरीके से पूजा-अर्चना कर रस्म पूरी की गयी। इसके साथ ही विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व शुरू हो गया, जो इस वर्ष करीब 107 दिवस की अवधि तक पूरे आस्था,श्रद्धा और पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। बस्तर दशहरा पर्व के प्रमुख पूजा विधानों को निर्धारित तिथि अनुसार सम्पन्न की जाती है। जिसके तहत आगामी 27 सितम्बर को डेरी गड़ाई रस्म,14 अक्टूबर को काछनगादी पूजा विधान,15 अक्टूबर को कलश स्थापना एवं जोगी बिठाई रस्म पूरी की जायेगी। वहीं 21अक्टूबर को बेल पूजा और रथ परिक्रमा विधान,22 अक्टूबर को निशा जात्रा एवं महालक्ष्मी पूजा विधान,23 अक्टूबर को कुंवारी पूजा विधान, जोगी उठाई और मावली परघाव पूजा विधान होगी। ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व के दौरान 24 अक्टूबर को भीतर रैनी पूजा एवं रथ परिक्रमा पूजा विधान,26 अक्टूबर को काछन जात्रा तथा 27 अक्टूबर को कुटुम्ब जात्रा पूजा विधान पूरी की जायेगी और 31 अक्टूबर को माई दन्तेश्वरी की विदाई के साथ ही विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व सम्पन्न होगी।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 ली.वी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU